षोडश बिहार विधान सभा

अष्टम् सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-01 सोमवार, दिनांक- 27 नवम्बर, 2017 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 11.20 बजे पूर्वा० तक

[1] **अध्यक्ष द्वारा प्रारम्भिक सम्बोधन :-**

यथा संलग्न ।

[2] **अध्यासी सदस्यों का मनोनयन :-**

माननीय अध्यक्ष महोदय ने षोडश बिहार विधान सभा के अष्टम् सत्र के लिए निम्नांकित 5 (पाँच) सभा सदस्यों को अध्यासी सदस्य मनोनीत किया है :-

(i) श्री हरिनारायण सिंह
(ii) श्री मोहम्मद इलियास हुसैन
(iii) श्री तार किशोर प्रसाद
(iv) श्री (डॉ०) अशोक कुमार
(v) श्रीमती रंजू गीता

[3] **कार्यमंत्रणा समिति का गठन :-**

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा षोडश बिहार विधान सभा के अष्टम् सत्र के लिए निम्न प्रकार से कार्य मंत्रणा समिति का गठन किया गया :-

(i) अध्यक्ष, बिहार विधान सभा - सभापति
(ii) श्री नीतीश कुमार, मुख्यमंत्री - सदस्य
(iii) श्री सुशील कुमार मोदी, उप मुख्यमंत्री - सदस्य
(iv) श्री श्रवण कुमार, मंत्री, संसदीय कार्य - सदस्य
(v) श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, मंत्री, ऊर्जा - सदस्य
(vi) श्री प्रेम कुमार, मंत्री, कृषि - सदस्य
(vii) श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, नेता, विरोधी दल - सदस्य
(viii) श्री सदानन्द सिंह, स०वि०स० - सदस्य

विशेष आमंत्रित सदस्य

(i) श्री अब्दुल बारी सिद्दीकी, स०वि०स०

(ii) श्री महबूब आलम, स०वि०स०

(iii) श्री सुधांशु शेखर, स०वि०स०

(iv) श्री राजू तिवारी, स०वि०स०

नियमानुसार अध्यक्ष, इस समिति के सभापति तथा सभा सचिव इसके सचिव होंगे ।

[4] औपचारिक कार्य :-

माननीय मंत्री कृषि विभाग, श्री प्रेम कुमार द्वारा महामहिम राज्यपाल द्वारा प्रख्यापित अध्यादेश की प्रमाणीकृत प्रति को सभा पटल पर रखा गया ।

[5] अनुमत विधेयकों के विवरण का सभा पटल पर रखा जाना :-

सभा सचिव द्वारा बिहार विधान सभा के सप्तम् सत्र में उद्भूत तथा बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों द्वारा यथा पारित निम्न 10 (दस) विधेयकों का विवरण सदन पटल पर रखा गया ।

क्रमांक	विधेयकों का नाम	अनुमति की तिथि
(i)	बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त (संशोधन) विधेयक, 2017	30.08.2017
(ii)	बिहार भूमि दाखिल खारिज (संशोधन) विधेयक, 2017	30.08.2017
(iii)	बिहार पंचायत राज (संशोधन) विधेयक, 2017	30.08.2017
(iv)	बिहार विनियोग अधिकाई व्यय (1981-82, 1986-87, 1989-90, 1993-94 एवं 1995-96) (संख्या-2) विधेयक, 2017	30.08.2017
(v)	बिहार कराधान विधि (संशोधन एवं विधिमान्यकरण) विधेयक, 2017	30.08.2017
(vi)	बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग विधेयक, 2017	30.08.2017
(vii)	बिहार राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2017	30.08.2017
(viii)	बिहार विनियोग (संख्या-3) विधेयक, 2017	30.08.2017
(ix)	बिहार काश्तकारी (संशोधन) विधेयक, 2017	31.08.2017
(x)	बिहार चिकित्सा (संशोधन) विधेयक, 2017	31.08.2017

[6] वित्तीय कार्य :-

माननीय मंत्री, वित्त विभाग, श्री सुशील कुमारी मोदी द्वारा वित्तीय वर्ष-2017-18 के द्वितीय अनुपूरक व्यय विवरण का उपस्थापन सभा पटल पर किया गया ।

[7] शोक प्रकाश :-

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा निम्नांकित जननायकों के निधन पर शोक प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की :-

(i) स्व० मुन्द्रिका सिंह यादव, बिहार विधान सभा सदस्य एवं पूर्व मंत्री

(ii) स्व० मोहम्मद तसलीमुद्दीन, वर्त्तमान लोक सभा के सदस्य, पूर्व स०वि०स० एवं पूर्व मंत्री

(iii) स्व० श्यामा सिंह, पूर्व लोक सभा सदस्य

(iv) स्व० विलट पासवान विहंगम, पूर्व स०वि०स० एवं पूर्व मंत्री, बिहार सरकार

(v) स्व० गया सिंह, पूर्व राज्य सभा सदस्य

(vi) स्व० भोला प्रसाद सिंह, पूर्व स०वि०स०, एवं पूर्व स०वि०प०, पूर्व मंत्री, बिहार सरकार

(vii) स्व० धनराज सिंह, पूर्व लोक सभा सदस्य एवं पूर्व स०वि०प०

तदोपरांत सभी माननीय सदस्यों ने एक मिनट मौन खड़े होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की ।

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा कहा गया कि मेरे एवं संपूर्ण सदन की ओर से शोक संवेदना शोक संतप्त परिवार के पास संदेश भेज दिये जाएँगे ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक मंगलवार, दिनांक 28 नवम्बर, 2017 को 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित की गई ।

पटना
दिनांक-27.11.2017

राम श्रेष्ठ राय
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।